16-17 को इंदौर में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम, 200 यूनिवर्सिटी के 600 प्रतिनिधि आएंगे

विद्याभारती और यूनिवर्सिटी का संयुक्त आयोजन, केंद्रीय मंत्री प्रधान भी आएंगे

भास्कर संवाददाता | इंदौर

अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम 16 और 17 जनवरी को इंदौर में होगा। इसमें देशभर की 200 यूनिवर्सिटी के 600 प्रतिनिधि शामिल होंगे। विद्या भारती, उच्च शिक्षा संस्थान एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा आयोजित इस समारोह में स्थानीय प्रतिनिधियों सहित कुल 1000 प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। आयोजन में केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति, आईआईएम डायरेक्टर, आईआईटी डायरेक्टर, केंद्रीय एवं राज्य संस्थानों के कुलाधिपति, चेयरमैन, निदेशक, उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों के डायरेक्टर, प्राचार्य, शिक्षाविद एवं प्राध्यापक शामिल होंगे।

आयोजन में मध्यप्रदेश शासन का उच्च शिक्षा विभाग, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एसोसिएशन भी हिस्सा लेंगे। कुलपति प्रो. रेणु जैन एवं विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शशिरंजन अकेला ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य उच्च शिक्षा में कार्य करने वाले निजी और उच्च शिक्षा संस्थानों को एक प्लेटफार्म पर लाकर संवाद एवं साझा मंच स्थापित करना है। इस दो दिवसीय आयोजन में उद्घाटन एवं समापन सत्र के अलावा 6 तकनीकी सत्र संपन्न होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर भी लंबी चर्चा होगी।

ये हस्तियां भी शामिल होंगी

कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, आरपी तिवारी सहित अन्य हस्तियां शामिल होंगी। इस आयोजन में कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा, उप कुलसचिव प्रज्व्वल खरे, डॉ. अभिलाष ठाकुर, प्रो. आशीष पाठक को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य आयोजन समिति में प्रो.चंदन गुप्ता, डॉ. एलके त्रिपाठी, विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान के असीम त्रिवेदी सहित अन्य शामिल रहेंगे।

इन विषयों पर होंगे सत्र

▪ संस्थाओं के आपसी संबंधों को बढ़ावा एवं पोषण ▪ सतत विकास एवं मूल दक्षताएं ▪ शोध एवं नवाचार ▪ नेतृत्व एवं शासन ▪ उच्च शिक्षा एवं राष्ट्रीय विकास रहेंगे।

जापान, युगांडा, नेपाल के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे

डीएवीवी के फिजिक्स विभाग के हेड डॉ. आशुतोष मिश्रा ने बताया 16 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे से होने वाले उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान होंगे। विशिष्ट अतिथि मंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। यूजीसी चैयरमेन प्रो. जगदीश कुमार और प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा (राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान) शामिल होंगे। समापन 17 जनवरी को सायंकाल 5:00 बजे होगा। मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस और नरेंद्र कुमार तनेजा (महासचिव विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान) शामिल होंगे। उनके साथ ही केएन (रघुनंदन राष्ट्रीय संगठन मंत्री विद्याभारती उच्च शिक्षा सेल) मौजूद रहेंगे। आयोजन में जापान, युगांडा, नेपाल एवं अन्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इसमें उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण पर चर्चा होगी।